CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:20 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 24 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 8 जुलाई 2024

लगातार बारिश से जन-जीवन...पेज-4 पर

## News कॉर्नर

### माल रोड पर व्यक्ति मृत अवस्था में मिला

**नैनीताल।** नगर के माल रोड स्थित पालिका के पुस्तकालय के सामने रविवार को एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। पुलिस के मुताबिक मृतक अजय पाल पुस्तकालय के सामने ही भुट्टे का फड लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था तथा वह समीपवर्ती दुर्गापुर क्षेत्र में रहता था। वह अपने पीछे पत्नी समेत चार बच्चों का भरा पूरा परिवार छोड़ गया है। पुलिस के मुताबिक अजय पाल की मौत कैसे हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा।

### डॉ. महेंद्र पाल को अध्यक्ष व रितेश साह को सचिव चुना

**नैनीताल ।** न्यू क्लब मल्लीताल (नैनीताल) की रविवार को हुई वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से पुन: पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. महेंद्र पाल को अध्यक्ष व रितेश साह को सचिव चुना गया । इस अवसर पर क्लब का वार्षिक लेखा जोखा एवं सीए की रिपोर्ट सचिव रितेश साह द्वारा सभी के सम्मुख रखी गयी। इस अवसर पर जी एल साह, योगेश साह,राजीव लोचन साह, दिग्विजय साह, कुन्दन बिष्ट, आलोक चौधरी, पूरन बिष्ट तथा शैलेंद्र चौधरी आदि उपस्थित थे।

### अंतोदय और प्राथमिक राशन कार्ड धारकों को क किलो नमक आठ रुपये में

**नैनीताल।** मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना के तहत जुलाई माह में सभी अंतोदय और प्राथमिक राशन कार्ड धारकों को हर माह एक किलो नमक आठ रुपये में दिया जाएगा। जनपद में 115023 प्राथमिक राशन कार्ड (सफेद) और 17834 तथा अन्तोदय (गुलाबी)राशनकार्ड धारक हैं। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विजय जोशी ने बताया कि जनपद की 667 राशन की दुकानों में सभी अंतोदय और प्राथमिक राशन कार्ड धारकों के लिए नमक आ गया है।

# रुद्रपुर से अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रुद्रपुर के श्रद्धालुओं का जत्था विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के उपरांत यात्रा के लिए रवाना हो गया। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने हरी झंडी दिखाकर भोला बाबा के भक्तों को रवाना किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। 90 यात्रियों का जत्था रविवार शाम दुर्गा मंदिर में एकत्र हुआ जहां उन्होंने विधि विधान से पूजा अर्चना की और भोले बाबा के जयकारों के साथ वह अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हो गया ।अमरनाथ सेवा मंडल के अध्यक्ष अजय चड्ढा और महामंत्री मनीष चुघ ने बताया कि अमरनाथ सेवा मंडल के तत्वावधान में



यह 22वीं यात्रा है और भोले बाबा की कृपा से सभी यात्राएं सुखद रही है ।उन्होंने कहा की नौ जुलाई को वह दिल्ली से रवाना होंगे और 12 जुलाई से अमरनाथ यात्रा प्रारंभ कर देंगे। उन्होंने बताया कि माता वैष्णो देवी सोमवार को 12 बजे पहुंचेंगे और गरीब रथ से यात्रा समाप्त करने के उपरांत रुद्रपुर रेलवे स्टेशन श्रद्धालु पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि अमरनाथ सेवा मंडल महाशिवरात्रि के पर्व पर विशाल भंडारे और जागरण का आयोजन पिछले कई वर्षों से करता आया है और इस बार भी विशाल जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री अमरनाथ यात्रा करना सौभाग्य की बात है देश के जवान ऐसी कठिन यात्रा में सभी श्रद्धालुओं की हिफाजत करते हैं । अमरनाथ यात्रा में राजकुमार खनिजो, महेश छाबड़ा, गुलशन छाबड़ा,मंदिर समिति अध्यक्ष रेनू अरोरा, सनी बब्बर, किशन नारंग, निशांत ढल्ला, अजय लूथरा, सुरेश छावड़ा, राजीव मिडडा,अर्पित पाल, सुमित घई, लक्ष्य अरोड़ा, प्रेम अरोड़ा, रमेश कालरा, हिमांशु, संदीप मिश्रा,आशा अग्रवाल ,अंजू छाबड़ा,दिव्यांशी अरोड़ा, तरुण चूघ,मनोज मदान,राज कोली समेत 90 श्रद्धालु शामिल हैं।

बोले- दोस्त पुतिन के साथ सहयोग पर समीक्षा को तैयार

# तीन दिवसीय रूस दौरे पर रवाना प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली

एजेंसी

मॉस्को दौरे से पहले पीएम मोदी ने कहा कि वह अपने मित्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए उत्सुक हैं। रूस के अलावा पीएम मोदी ऑस्ट्रिया दौरे पर भी जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को रूस और ऑस्ट्रिया के तीन दिवसीय दौरे के लिए रवाना हो गए। इस दौरे से पहले पीएम मोदी ने भारत-रूस के संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी पिछले दस वर्षों में आगे बढ़ी है।

मॉस्को दौरे से पहले पीएम मोदी ने कहा, मैं अपने मित्र राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए उत्सुक हूं। रूस के अलावा पीएम मोदी ऑस्ट्रिया दौरे पर भी जाएंगे। उन्होंने ऑस्ट्रिया को भारत



का दृढ़ और विश्वसनीय भागीदार बताया। पीएम मोदी ने कहा, हम लोकतंत्र के आदर्शों को साझा करते हैं। मैं नए क्षेत्रों में हमारी साझेदारी को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने की आशा करता हूं। पीएम मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए रूस की अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान अज्ञात सैनिक की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री तीन दिन रूस और ऑस्ट्रिया में रहेंगे। उनकी ये यात्राएं उन देशों के साथ संबंधों को गहरा करने का अवसर है, जिनके साथ भारत की परखी हुई दोस्ती है। उन्होंने कहा, मैं इन देशों में रहने वाले भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं।

# नैनीताल में ऑल सेंट्स कॉलेज में थैंक्स गिविंग डे का आयोजन किया गया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में रविवार को थैंक्स गिविंग डे का आयोजन किया गया। बता दें कि वर्ष 1869 में 7 जुलाई के दिन ही विद्यालय की नींव रखी गयी थी और इस महत्वपूर्ण क्षण को याद करने व इसके लिये ईश्वर के प्रति धन्यवाद देने के लिए आज के दिन विद्यालय से जुड़े सभी लोगों ने इस दिन को थैंक्स गिविंग दिवस के रूप मे मनाया।

थैंक्स गिविंग सर्विस के दौरान विद्यालय की वर्तमान प्रधानाचार्या किरन जरमाया ने प्रभु को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पवित्र ग्रंथ बाइबल से आशीर्वचन पढ़े और विद्यालय के भविष्य की मंगलकामना की। साथ ही उन्होंने विद्यालय को देश.विदेश मे प्राप्त ख्याति के लिए ईश्वर को धन्यवाद दिया और कहा कि पूर्वजों से अमूल्य विरासत के रूप मे मिले इस विद्यालय पर सभी को गर्व करना चाहिए। विद्यालय के पास्टर जॉर्ज मुन्नवर ने अध्यापकों से प्रभु यीशु की तरह सभी बच्चों का प्रेम की भावना से स्वागत



कर उन्हे सरल स्वभाव से निष्पक्ष होकर सीख देने का एहवान किया। साथ ही उन्होंने छात्राओं से कहा कि उन्हें पूर्वजों के ऊर्जावान तथा साहसी व लोकोन्मुख जीवनशैली से सीख लेनी चाहिए। इस दौरान पवित्र ग्रंथ बाइबिल से अशीर्वचन पढ़े गए और ईश्वर की स्तुति मे गीत भी गाये गए। साथ ही विद्यालय के क्राएर द्वारा प्रभु के लिए किये गए सामूहिक गान ने अनूठा समां बाँधा। शिक्षिका सुनीता चौहान और ज्योतिका गिल ने विद्यालयए अपने प्रदेश व देश की उन्नति के लिए मध्यस्थता प्रार्थना की। इस दौरान ऑल सेंट्स कॉलेज की प्रधानाचार्या जरमाया सहित पास्टर जॉर्ज मुन्नवर, ऑल सेंट्स कॉलेज की छात्राएं तथा शिक्षक गण व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में घायल महिला की हल्द्वानी में अस्पताल पहुंचते ही मौत, चालक के खिलाफ मुकदमा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**घटना**

- सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज चल रहा था

थाना पंतनगर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल महिला ने सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए। वहां पहुंचते ही मां ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

पंतनगर क्षेत्र की संजय कालोनी निवासी (रियाजुद्दीन अंसारी पुत्र स्वं मुख्तार अंसारी ने पुलिस को बताया कि 14 जून 24 को दोपहर 12 से 1 बजे के बीच मां रुसायदा खातून घास लेकर पन्तनगर गैस गोदाम से आ रही थी। तभी तेज गति से स्वीफ्ट कार से आज्ञात व्यक्ति ने गोविन्द बल्लभ पन्त गेट मुख्य द्वार के सामने बाईपास रोड पर टक्कर मार दी थी। घटना के बाद चालक मौके से मय के भाग गया। बताया कि मां को तत्काल रुद्रपुर सरकारी अस्पताल ले गये। वहां पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पर पहुंचते ही उनकी मृत्यू हो गई। मृतका के पुत्र ने पुलिस से चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं को भी प्राथमिकता से उठाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सेवानिवृत राजकीय पेन्शनर्स कल्याण एसोसिएशन नैनीताल के रविवार को आयोजित अधिवेशन में मंजू बिष्ट को अध्यक्ष तथा बहादुर सिंह बिष्ट को सचिव चुना गया। अधिवेशन में पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं को भी प्राथमिकता से उठाया गया।

बता दें कि राजकीय जूनियर हाईस्कूल मल्लीताल के सभागार में आयोजित अधिवेशन में पेंशनरों ने कई समस्याओं पर सरकार से कार्रवाई किए जाने का निवेदन किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष गंगा राम तथा सचिव उमेश चंद्र जोशी ने अपने कार्यकाल में की गयी उपलब्धियों को प्रमुखता से रखा। उसके उपपन्त पेन्शनर्स संघ की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।

कार्यकारिणी का गठन मुख्य चुनाव



अधिकारी तथा सेवानिवृत वरिष्ठ कर्मचारी नेता गिरीश चंद्र उप्रेती की देखरेख में तथा युवा कर्मचारी नेता जगमोहन रौतेला ने सहयोग से किया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी श्री उप्रेती ने बताया कि अध्यक्ष मंजू बिष्ट, बरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश चंद्र जोशी तथा उपाध्यक्ष चंद्रकांता खोलिया तथा सचिव बहादुर सिंह बिष्ट, संयुक्त सचिव एन0बी0 पन्त,कोषाध्यक्ष यतीन्द्र कुमार साह,संप्रेक्षक होशियार सिहं मेहरा जबकि संगठन के कार्यकारिणी सदस्य के रुप में के0 एस0 कार्की को मनोनीत किया गया। अधिवेशन में गिरीश चन जोशी, मिथिलेश पाण्डे, ललित पांडे, दीपक साह,पान सिंह रौतेला, असलम अली,केदार सिंह राठौर, केसी उपाध्याय, गंगा राम, मुन्नी थापा, मधु नयाल, विनीता विष्ट, लक्ष्मण सिंह नेगी, कुंवर सिंह जलाल, पुष्कर सिंह विष्ट, ए0 आर, आर्या, हेमलता जोशी, एच.एस. भैसौड़ा, एच. एस मेहरा, नरेंद्र सिंह रावत, निर्मल पांडे, चंद्र बल्लभ पंत तथा एल.के.ठुस्सू समेत आदि पेंशनर्स व आमंत्रित जन मौजूद थे।

## News कॉर्नर

### शुरूआती बरसात में ही सिस्टम की खुल रही पोलः मनोज शर्मा



**नैनीताल।** भीमताल विधानसभा से कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने बयान जारी कर , सरकार पर आरोप लगा कि सरकारी तंत्र की घोर असवेदनशीलता के परिणामस्वरूप भीमताल विधानसभा के सभी क्षेत्रों की सड़कें चाहे मुख्य मार्ग हो या लिंक मार्ग हो , शुरूआती बरसात में ही सिस्टम की पोल खोल रहे है। मोटरमार्गों में पानी के निकास की व्यवस्था ना होने वर्षों से नालियों की सफाई ना होने की वजह से बारिश का पानी सड़को में बह रहा है और सड़कें गड्ढो से पटी पड़ी है लगातार बारिश के कारण गड्ढे पानी से भर गये है सड़को में गड्ढे पानी से भरे होने के कारण दिख नही रहे है। जनप्रतिनिधि अपनी उदासीनता से बंद हो रही सड़को से मलवा हटाने को ही अपनी उपलब्धि के रूप में दिखाने के प्रयास में मस्त है जबकि सच्चाई अलग है कि समय रहते ये जनप्रतिनिधि सजग रहे होते तो मलवा साफ करने को ही अपनी सफलता नही बताते , हैड़ाखान मोटरमार्ग जो कई जिले को एक दूसरे जोड़ता है प्रदेश के मुख्यमंत्री की विधानसभा जिस मोटरमार्ग से जुड़ती है कई वर्षों से बदहाल है कोई सुनने वाला नही है। बबियाड-टपूवा-दुदुली मोटरमार्ग मौत की खाई बन चुका है। बबियाड ग्राम सभा का गैराखान-कैलाशद्वार मोटरमार्ग मोटरमार्ग कई वर्षों से पूर्ण रूप से बंद पड़ा है। मोटरमार्ग की बदहाली व बंद होने के कारण आधा गाँव पलायन कर चुका है जनजीवन बदहाल हो चुका है।

# मुलाकातः विधायक अरोरा नदी किनारे बसे क्षेत्रों में पहुंचे

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

विधायक शिव अरोरा ने नदी किनारे लगे हुए क्षेत्र में पहुंचे और उन्होंने लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस समस्या का निकाला जाएगा। जिनको कुछ समय पूर्व प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नोटिस थामाए गए हैं।

उन्हें आवश्यक रूप से हटाया नहीं जाएगा। विधायक शिव अरोरा बरसात के बीच पैदल संजय नगर खेड़ा, जगतपुरा, अरविन्द नगर, मुखर्जी नगर क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने स्थानीय लोगो के संग उनके क्षेत्र मे 20-20 मीटर तक लगाये गये अतिक्रमण के निशान भी देखें। विधायक ने हर जगह पर



नदी के स्वरूप आकार को देखा ओर बोले निश्चित रूप से एक गरीब के लिये उनका आशियाना उसके जीवन भर की पूंजी मेहनत की कमाई होती है,जनता का विधायक हूँ ओर सदैव जनहित को सर्वोपरि रख के कार्य करने मे विश्वास रखता हूँ ऐसे मे प्रशासन द्वारा थामये गये नोटिस से लोगो मे भय का वातावरण है,मगर हमको नदी के स्वरूप को भी ध्यान रखना चाहिए। वह अपने न्यूनतम आकार मे रहते हुए पानी की निकासी करती रहे जिससे क्षेत्र मे जलभराव की स्थिति न हो हमने नदी के अस्तित्व को बचाते हुए ओर लोगो का कम से कम नुकसान के साथ ऐसे कार्य करना है। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से अनावश्यक रूप से किसी को हटाया नहीं दिया जाएगा।नदी जद में आ रहे या बिलकुल समीप बने मकाने जो बिलकुल हटाना मजबूरी हुई तो उनके लिए पहले पुनर्वास व्यवस्था करवाई जाएगी, कल्याणी, बेगूल नदी का स्वरूप बना रहे है यह भी शहरी व बस्ती क्षेत्र के लिये बहुत जरूरी है। उन्होंने संजय नगर खेड़ा बसंती मंदिर मे पहुंच लोगो को भरोसा दिया कि इसका समधान निकलने के लिया शासन प्रशासन से लेकर जिस भी स्तर तक वार्ता करनी होंगी वार्ता करेंगे। अनावश्यक रूप से किसी के आशियाना उजड़ने नहीं देंगे। इस दौरान दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, केके दास, सुरेश कोली,राजेश जग्गा, किरण विर्क, रोबिन विश्वास,तरुण दत्ता, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, अनमोल विर्क, डम्मी चोपडा आदि लोग मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में भूकटाव, अफसरों ने किया निरीक्षण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बीते 24 घंटे में हल्द्वानी में रिकार्ड 206.0 एमएम बारिश हुई है। जिले भर में हल्द्वानी-कालाढूंगी-रामनगर मार्ग समेत 38 सड़कें बंद हैं। प्रशासनिक टीम लगातार राहत व बचाव कार्य में जुटी है। इधर गौला नदी ने गौलापार अंतर्राष्ट्रीय में भी भूकटाव शुरू कर दिया है।

जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र नैनीताल से मिली जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटे में जिले भर में 85.3 एमएम औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

गौला, नंधौर व कोसी नदी का डिस्चार्ज भी लगातार बढ़ रहा है। जिले में लगातार बारिश के कारण खुटानी-धानाचूली-ओखलकांडा, मोरनौला-भीड़पानी-पतलोट, नौकुचियाताल-जंगलियागांव,



गौला नदी से अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में हुआ भूकटाव।

शहीद बलवंत सिंह मार्ग, भुजान-बेतालघाट, सिमलखां-सकदीना, बजून-अधौड़ा, अमृतपुर बानना, हरीशताल मार्ग, ढोलीगांव-कैड़ागांव मार्ग, फतेहपुरी-बेल समेत 38 मोटर मार्ग मलवा आदि गिर जाने से बंद हो गये हैं। इन मार्गों को खुलवाने के लिए जेसीबी लगाई गई है लेकिन लगातार बारिश राहत कार्य में अड़चन बन रही है।

**आफत**

- हल्द्वानी में रिकार्ड 206.0 एमएम बारिश
- कालाढूंगी रोड समेत 38 सड़कें बंद

### क्रिकेट स्टेडियम को खतरा

हल्द्वानी। अंतराष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में लगातार बारिश के बाद भूकटाव शुरू हो गया है। क्रिकेट स्टेडियम की पार्किंग के पास हुए भूकटाव का सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी व तहसीलदार सचिन कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक निदेशक खेल रशिका सिद्दीकी, उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल भी मौजूद थे।

### गांव में घुस रहे जंगल के पानी की निकासी कराई



हल्द्वानी। काठगोदाम के हीरागढ़ दिलीप सिंह के आबादी क्षेत्र में भी जंगल से पानी आने लगा। इस बीच स्थानीय निवासी कौशल जोशी ने खुद की मेहनत से पानी को गांव में आने से रोका और निकासी कराई। इधर रकसिया नाले की दीवार टूटने से पीलीकोठी क्षेत्र में मकानों को खतरा पैदा हो गया है।

# रुद्रपुर मुख्य बाजार में भी पानी का जलभराव से दुकानदारों में हड़कंप



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

क्षेत्र में पिछले 48 घंटे से हो रही लगातार बारिश के बाद कल्याणी नदी ने आंखें तरेर ली है। शहर की कई कालोनियों में पानी घुस गया है। जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बारिश यदि कुछ घंटे जारी रही तो मुसीबत का सबब बन सकती है। नदी में हुए अतिक्रमण की बजह से ऐसी स्थिति खड़ी हुई है।

रुद्रपुर के आसपास के क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। बारिश से यूं तो जनपद की सभी नदियों का जल स्तर बढ़ा है, लेकिन रुद्रपुर की नदियों के समीप भूत बंगला, पहाड़गंज, रम्पुरा, संजय नगर खेड़ा आदि कालोनी में निचले स्तर में प्रवेश कर गया है। नदी के किनारे अतिक्रमण कर बने मकानों का चार चार फिट हिस्सा डूब गया। जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। क्षेत्र के लोगों की मानें तो यदि बारिश यूं ही जारी रही तो फिर सैकड़ों सैकड़ों लोगों को दूसरी जगह जाना पड़ेगा। नदी के ओवर फ्लू होने के पीछे अतिक्रमण मुख्य बजह बताई जा रही है। प्रशासन समय रहते एक भी अतिक्रमण नहीं हटा पाया है, जिससे पूरे शहर में आफत आ सकती है। उधर खटीमा में भी लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, नदियां पूरे शबाब पर है,तो शहरी क्षेत्रों का बुरा हाल हो गया। मुख्यमंत्री के गृह और आवास क्षेत्र से एक वीडियो समाने आई है।

वीडियो में सड़कें नदियों की तरह उफनाई हुई है तो मकान एक मंजिल तक डूब चुके हैं। मुख्यमंत्री आवास रोड स्थित मयूर कालोनी पूरी तरह डूब चुकी है। बताया जा रहा कि पास में ही मौजूद नदी में बाढ आने से ऐसी स्थिति खड़ी हुई है। प्रशासन जल निकासी के लिए जुटा हुआ है। जनपद के कई अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे ही हालात बताए जा रहे। प्रशासन ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने के साथ ही नदियों से दूर रहने का आहवान किया है।

### बिजली की लाइनों में पेड़ गिर रहे हैं

**नैनीताल।** नगर तथा आस पास के क्षेत्रों में लगातार बारिश के साथ ही तेज हवाएं चलने की वजह से जगह जगह बिजली की लाइनों में पेड़ गिर रहे हैं जिससे बिजली की लाइनों में भी दिकतें आ रही हैं साथ ही शहरी और ग्रामीण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को ठंडी सडक् पर बिजली की लाइनों में पेड़ गिर गया जिसके कारण तल्लीताल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप रही वही भवाली में रेहड के जंगल में भी बिजली की लाइन पर पेड़ गिरा।

# शगुन आंखर के साथ हरेला पखवाड़े की शुरुआत की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा रविवार को नगर के पवेलियन होटल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में 21 टोकरियों में शगुन आंखर के साथ हरेला बो कर हरेला पखवाड़े की शुरुआत की।

क्लब की वरिष्ठ सदस्य गीता शाह के नेतृत्व में लेक सिटी वेलफेयर क्लब की अध्यक्ष ज्योति ढौंडियाल व सचिव दीपा पाण्डे तथा कार्यक्रम संयोजक डा. प्रगति जैन समेत संरक्षक मीनू बुधलाकोटी तथा शोभायात्रा संयोजक रानी साह, उपाध्यक्ष अमिता साह व सह संयोजक कंचन



जोशी, दीपिका बिनवाल, प्रेमा अधिकारी तथा रमा भट्ट सहित कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में शगुन आंखर गायकों क्रमशः सुमन पंत, दीपा जोशी, कमला पाण्डे तथा नीमा जोशी द्वारा योगदान दिया गया। आयोजन अवसर पर क्लब की वरिष्ठ सदस्य जीवंती भट्ट, संगीता श्रीवास्तव, कविता त्रिपाठी, सीमा सेठ, रमा तिवारी, डा पल्लवी गहतोड़ी, रेखा पंत, सरिता त्रिपाठी तथा जया वर्मा, सरस्वती सिराला व नीलम गुप्ता आदि द्वारा योगदान दिया गया।

# आफतः लगातार बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लगातार हो रही बारिश ने आम आदमी का जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया है हालत यह है बारिश की वजह से मोटर मार्गों के बंद होने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। रविवार को भी जिले में दो राज्य मार्गों समेत कुल 21 मोटर मार्ग जगह-जगह पर भूस्खलन व मलबा आदि आने से पूरी तरह बंद हो गए।

जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक क्रमशःशहीद बलबन्त सिंह मार्ग, पानकटारा मोटर मार्ग,छयूतियाकाण्डा मार्ग, मंगोली-खमारी थापला मार्ग, बजून- अधौडा, कैंची-हरतप्पा,पंगूट-



बगड तल्ला, घूघूखान-सौड,रूसी बाईपास मोटर मार्ग, देवीपुरा-सौड-बांसी मार्ग, हरीशताल मार्ग, ढोलीगाँव- कैडागाँव मार्ग,पदमपुरी-सुवाकोट मार्ग,लोहाली-थूवाब्लॉक, एचएमटी ब्रेबरी मार्ग फ तेहपुरी-बेल,बानना मोटर मार्ग,रातीघाट-बुधलाकोट मोटर मार्ग,देवीपुरा-सौड,फ तेहपुर- पीपलअणिया तथा हल्द्वानी-कालाढूंगी-रामनगर मार्ग वर्तमान में पूरी तरह से बंद पड़े हुए हैं।

उधर ज्योलीकोट-सरियाताल मोटर मोटर मार्ग में बलियानाले काजवे के नाले में बहकर बढ़े पत्थर आने से काजवे बंद होने पर मोटर मार्ग को नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। मामले में सरिताताल के ग्राम प्रधान हरगोविन्द सिंह रावत ने बताया कि कहा कि पत्थरों के गिरने से हर वक्त दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। रावत ने प्रांतीय खंड लोनिवि नैनीताल के अधिकारियों से गुजारिश की है कि वह अतिशीघ्र जे0सी0बी0 भेजकर पत्थरों को हटवाएं।

लगातार हो रही बारिश की वजह से जीवनदायिनी नैनी झील के जलस्तर में लगातार इजाफा होते जा रहा है। झील नियंत्रण कक्ष के प्रभारी रमेश सिंह गैड़ा के मुताबिक रविवार की सुबह झील का जलस्तर 5 फीट था जो शाम को 6 बजे बढ़कर 5 फीट 8 इंच पहुंच गया। बता दें कि शनिवार की शाम को 6 बजे झील का जलस्तर 4 फीट पहुंच गया था। इस प्रकार 24 घंटे